“हिंदी टंकण का 5 पूर्ण कार्य दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम”

संस्थान में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से **“हिंदी टंकण का 5 पूर्ण कार्य दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम”** का आयोजन दिनांक 06.08.2018 से 10.08.2018 तक प्रथम वर्ष संगणक प्रयोगशाला, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में किया गया। उक्त 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन श्री दिलीप कुमार साहू, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, जबलपुर ने किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के कुल 36 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न प्रशिक्षण दिये गए:

1. पहला दिन (दिनांक 06.08.2018)

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) के अध्यक्षीय संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालक के रूप में आए श्री दिलीप कुमार साहू, सहायक निदेशक का स्वागत किया तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण के ज्ञान का महत्व बताया। इसके पश्चात श्री दिलीप कुमार साहू ने 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रवेश तथा परीक्षा फार्म भरना तथा केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान/हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों का परिचय दिया गया तथा दूसरे सत्र में कंप्यूटर का बेसिक आपरेशन, जिसमें फ़ाइल खोलना, सेव करना, रिब्बन टैब का परिचय एवं प्रयोग, डोक्यूमेंट का फार्मेटिंग आदि के बारे में सभी को बताया गया। सभी प्रशिक्षार्थियों को पाठयक्रम से संबन्धित अभ्यास हेतु प्रशिक्षण पुस्तिका दी गई।

2. दूसरा दिन (दिनांक 07.08.2018)

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन सहायक निदेशक उपरोक्त ने सभी प्रशिक्षार्थियों को यूनिकोड फोंट के बारे में बताया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कंप्यूटर में द्विभाषी सुविधा सक्रिय करने तथा सभी के कंप्यूटर में इसे सक्रिय कर मानक (इनस्क्रिप्ट) कुंजीपटल के माध्यम से टंकण करने की जानकारी दी। साथ ही मानक (इनस्क्रिप्ट) कुंजीपटल के माध्यम से हिन्दी टंकण का अभ्यास करवाया गया।

3. तीसरा दिन (दिनांक 08.08.2018)

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन मानक (इनस्क्रिप्ट) कुंजीपटल (कुल 09 ड्रिल) का अभ्यास करवाया गया। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण पुस्तिका में दिये गए हिन्दी में लेख, कहानी, हस्तलेख का कंप्यूटर में टंकण करवाया गया। कुंजीपटल के होम कीज़ पर व्यंजनों को टाइप करते समय शिफ्ट कुंजी (key) के प्रयोग के बारे में बताया।

4. चौथा दिन (दिनांक 09.08.2018)

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन प्रशिक्षक महोदय द्वारा प्रशिक्षार्थियों के गति का मापन किया गया तथा गति हेतु कुंजीपटल पर अंगुलियों को सही तरीके से रखना तथा प्रत्येक कुंजी (key) पर अंकित स्वर, व्यंजन तथा मात्राओं को अभ्यास के माध्यम से याद कर गति बढ़ाने की जानकारी दी गई।

5. पांचवा दिन (दिनांक 10.08.2018)

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें दिन प्रशिक्षक महोदय ने हिन्दी में सारणी, पत्र एवं हस्तलेख के नियमों का परिचय कराया तथा सभी को एक सारणी, एक पत्र तथा एक हस्तलेख टाइप करने का कार्य दिया। सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा कंप्यूटर पर टाइप किये गए सारणी, पत्र तथा हस्तलेख का मूल्यांकन प्रशिक्षक महोदय द्वारा किया गया।

कृ.प.उ.

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन), श्री दिलीप कुमार साहू, सहायक निदेशक एवं श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (प्रशासन)- प्रथम ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

श्री दिलीप कुमार साहू, सहायक निदेशक महोदय ने केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उक्त हिन्दी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा के रूपरेखा के बारे में बताया। परीक्षा का आयोजन संस्थान में वर्ष 2019 के प्रारम्भ में किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन श्री दिलीप कुमार साहू को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।